रोड एक्सीडेंट में सास-बहू व मासूम नातिन की मौत, ससुर जख्मी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 12 फरवरी। एनएच-44 पर धौलपुर एंड की ओर अंबाह बायपास चौराहे के निकट एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाईकिल पर सवार सास-

एनएच-44 पर अंबाह बायपास के निकट ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, हुआ चक्काजाम

बहू और 2 वर्षीय मासूम नातिन की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा ससुर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसा 12 फरवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे होना बताया जा रहा है। हादसे के बाद हाईवे पर चक्काजाम के हालात बन गए। जिससे करीब एक घंटे तक हाईवे पर यातायात प्रभावित हुआ।

जानकारी के अनुसार ग्राम हिंगौनाखुर्द निवासी रामबरन जाटव (46) 12 फरवरी को पत्नी रामरती जाटव (44), पुत्रवधु पूनम जाटव (25) पत्नी दिलीप जाटव और नातिन काव्या जाटव (2) पुत्री दिलीप जाटव के साथ घर से जौरा में रिश्तेदार के घर जाने के लिए बाइक क्रं. एमपी06-जेडवी-4955 पर सवार होकर निकला था। जब उनकी बाइक एनएच-44 पर अंबाह बायपास चौराहे से गुजर रही थी। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक क्रं. आरजे11-जीडी-3487 ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार सास रामरती, बहू पूनम और नातिन काव्या उछलकर सड़क पर जा गिरे, पहिए की चपेट में आने से तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा रामबरन जाटव बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने हाईवे पर जाम लगा दिया। जिससे ग्वालियर और आगरा की ओर जाने वाले वाहनों के पहिए थम गए।

सूचना मिलते ही सिविल लाईन थाना पुलिस मौके पर पहुंचीं और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर चक्काजाम खुलवाया। इस दौरान करीब एक घंटे तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले ट्रक को जब्त कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

जेल में मुलाकात के दौरान हंगामा, बंदी पर एफआईआर

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 12 फरवरी। सब जेल अंबाह में मुलाकात के दौरान एक विचाराधीन बंदी ने ड्यूटी पर तैनात प्रहरी से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी तक दे डाली। जिसे लेकर सब जेल में हंगामा खड़ा हो गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को जेल प्रहरी प्रशांत श्रीवास की ड्यूटी बाहरी मुलाकात कक्ष में बंदियों व परिजन के बीच मुलाकात कराने के लिए लगाई गई थी। मुलाकात के दौरान विचाराधीन बंदी संदीप उर्फ रामलला पुत्र तिलक सिंह तोमर के परिजन ने प्रहरी प्रशांत श्रीवास्तव के गाली-गलौच एवं अभद्र व्यवहार किया। प्रहरी द्वारा समझाइश देने पर बंदी संदीप उर्फरामलला ने भी मुलाकात कक्ष के अंदर से उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रहरी प्रशांत श्रीवास ने इसकी शिकायत कार्यालय अधीक्षक से की। इस संबंध में सहायक अधीक्षक सब जेल अंबाह द्वारा थाना प्रभारी अंबाह को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पत्र लिखा, इस पत्र को संज्ञान में लेते हुए अंबाह थाना पुलिस ने बंदी संदीप उर्फ रामलला के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

घर के बाहर खेल रहा मासूम पानी की टंकी में गिरा, मौत

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 12 फरवरी। मां के साथ नाना के घर रह रहे दो साल के मासूम बच्चे की पानी की टंकी में गिरने से मौत हो गई। घटना अंबाह क्षेत्र के डिंडौली गांव में गुरुवार सुबह 10 बजे की है।

जानकारी के अनुसार रुद्र (2) पुत्र रामराज बघेल निवासी ग्राम चांदपुर दिमनी पिछले एक साल से अपनी मां के साथ डण्डौली स्थित ननिहाल में रह रहा था। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे रुद्र घर के बाहर खेल रहा था और उसकी मां घर के अंदर कामकाज में व्यस्त थी। इसी दौरान मासूम

अंबाह क्षेत्र के डंडौली गांव में गुरूवार को हुई घटना

रूद्र खेलते-खेलते घर के पास रखी पानी की टंकी में गिर गया। जब मां रूद्र को तलाशते हुए घर के बाहर आई तो वह नहीं दिखा। लोगों ने आसपास रूद्र की तलाश शुरू की तो उसका शव पानी की टंकी में मिला। परिजन तत्काल उसे मोटरसाइकिल से सिविल अस्पताल अंबाह लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

कार में 20 पेटी शराब का अवैध परिवहन करते 1 तस्कर गिरफ्तार

मुरैना, 12 फरवरी। हुंडई वर्ना कार में शराब का अवैध रूप से परिवहन करते हुए

एक तस्कर को नूराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार से 60 हजार रूपये कीमती 20 पेटी देशी शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार नूराबाद थाना प्रभारी एसआई सौरभ पुरी को सूचना मिली थी कि तस्कर हुंडई वर्ना कार में शराब की खेप लेकर एनएच-44 से होकर ग्वालियर से मुरैना की ओर जाने वाले है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने चैक पॉइंट लगाकर टेकरी पर बिचौला कट के पास से हुंडई वर्ना कार क्रं. एमपी07-सीसी-8885 को पकड़ा। तलाशी के दौरान कार से देशी शराब की 20 पेटियां जब्त की गईं। पुलिस ने कार में सवार एक युवक को हिरासत में लेकर शराब सहित कार को जब्त कर लिया। पकड़े गए युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसआई सौरभ पुरी, प्र.आर. अजय कुमार, लोकेश, दातार सिंह, आरक्षक रवि कुमार, सुरेन्द्र, आशीष, गोपेश तोमर शामिल थे।

5-5 हजार के ईनामी अंकुश-धीर सिंह गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

मुरैना, 12 फरवरी। हत्या की कोशिश किए जाने के मामले में बीते 7 महीने से फरार चल रहे आरोपी अंकुश सिकरवार और धीर सिंह तोमर को देवगढ़ पुलिस ने 12 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की गिरफ्तारी पर मुरैना पुलिस की ओर से पांच-पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था।

जानकारी के अनुसार देवगढ़ थाने में हत्या की कोशिश किए जाने की धाराओं में अपराध क्रमांक-54/25 में नामजद अंकुश सिंह सिकरवार पुत्र महेश सिंह सिकरवार निवासी ग्राम स्कूलपुरा, गुढ़ा चंबल और धीरसिंह तोमर पुत्र कल्याण सिंह तोमर नि. ग्राम लल्लूबसई थाना सिहौनिया

हत्या की कोशिश के केस में 7 महीने से चल रहे थे फरार

घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे। उनकी गिरफ्तारी पर पांच-पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। 12 फरवरी को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर देवगढ़ पुलिस ने ग्राम बाबड़ी के तिराहे के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई जयपाल सिंह गुर्जर, एएसआई कन्हैयासिंह सिकरवार, प्र.आर. चंद्रशेखर, विपिन चौधरी, रामकुमार शर्मा, आरक्षक सुनील शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, रामेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र शर्मा, अभिषेक सिंह, नारायण सिंह, आरक्षक चालक जोगेन्द्र सिंह शामिल थे।

कांग्रेस को सुदृढ़ बनाने सभी मिलकर प्रयास करें : अजय सिंह

नवभारत न्यूज

मुरैना, 12 फरवरी। मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पूर्व मंत्री अजय सिंह उर्फ राहुल भैय्या 12 फरवरी को अल्प प्रवास पर मुरैना पहुंचें। आगमन

मुरैना आगमन पर मप्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अजय सिंह का जोरदार स्वागत और सम्मान किया। मुरैना में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद अजय सिंह अंबाह-पोरसा भी पहुंचें। यहां

भी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

पूर्व मंत्री अजय सिंह के आगमन पर पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार ने स्वागत कार्यक्रम और सभा का आयोजन किया। इस सभा में अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होंगे। मजबूत संगठन ही सत्ता की प्राप्ति का अवसर प्रदान करेगा। ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर ने कहा कि आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में मुरैना की सभी सीटों पर कांग्रेस का परचम लहराएगा। इस मौके पर संगठन के जिला प्रभारी महेन्द्र सिंह चौहान भी उपस्थित थे।

सत्यपाल-मानवेन्द्र ने ओल्ड हाउसिंग बोर्ड में किया स्वागत

लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह और जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह गांधी ने पूर्व मंत्री अजय सिंह का ओल्ड हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित निज निवास पर पुष्पवर्षा एवं माल्यापर्ण कर स्वागत और अभिनंदन किया।

कांग्रेस कार्यालय पर हुआ स्वागत एवं सम्मान

पूर्व मंत्री अजय सिंह के आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर उनका स्वागत एवं शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस मौके पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर, शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव, पूर्व शहर जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

एक नजर में

42 बेटिकट व 57 रेल मुसाफिर अनियमित यात्रा करते हुए पकड़े

मुरैना, 12 फरवरी। झांसी मंडल के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार

के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में 12 फरवरी गुरूवार को मुरैना रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चेकिंग स्टाफद्वारा सघन एवं व्यापक जांच की गईए जिसमें 42 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए तथा 57 यात्री अनियमित यात्रा करते हुए पाए गए। इसके साथ ही रेलवे अधिनियम की धारा-145 के अंतर्गत 2 प्रकरण दर्ज किए गए। इस प्रकार कुल 101 मामलों में कार्रवाई करते हुए बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों से 66 हजार 395 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। यह अभियान बिना टिकट यात्रा करने वाले एवं अनियमित यात्रियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान के दौरान चेकिंग स्टाफ द्वारा सघन एवं व्यापक जांच की गई। अभियान पूर्ण समन्वय एवं प्रभावशीलता के साथ संचालित चलाया गया। जिससे अनियमित यात्रियों में जागरूकता एवं अनुशासन का सकारात्मक संदेश गया। अभियान में चेकिंग स्टाफके रामकेश, रामनिवास मीणा, विकास श्रीवास्तव, उमंग सिंह राजावत, रविंद्र जाटव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शिव और शक्ति के मिलन का पर्व है महाशिवरात्रि : कृष्णा दीदी

मुरैना/पोरसा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केन्द्र सब्जी मंडी

रोड पोरसा में गुरूवार को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नगर में भव्य शिव बारात भी निकाली गई। जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती के विभिन्न रूपों पर आधारित झांकियों का मंचन किया गया था। सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी ने कहा कि शिव जयंती अथवा महाशिवरात्रि का पर्व वास्तव में अज्ञानता का विनाश एवं ज्ञान प्रकाश फैलाने का पर्व है। शिव-पार्वती के विवाह के बारे में उन्होंने कहा कि इसका वास्तविक भाव आत्मा और परमात्मा के मिलन से है। इस मौके पर बिजली कंपनी के एई इंद्रेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। ब्रह्माकुमारी निकेता दीदी ने विषय विकारों और कमजोरी से मुक्त होने की प्रतिज्ञा दिलाई। ब्रह्माकुमारी प्रियंका दीदी ने सदा भगवान को अपना साथी बनाकर रखें ऐसा प्रेरणादाई अनुभव सुनाया।

महाकाल स्वरूप कांवड़ लाने युवाओं की टोली सौरोंजी रवाना

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 12 फरवरी। भव्य महाकाल स्वरूप की कांवड़

एसडीओपी अंबाह ने हरीझंडी दिखाकर किया रवाना

में गंगाजल लाकर महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए युवाओं की टोली 12 फरवरी को अंबाह से सौरोंजी

के लिए रवाना हुई। युवाओं की टोली को एसडीओपी अंबाह रवि भदौरिया ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

गुरुवार शाम अंबाह नगर में पीएचई दफ्तर परिसर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर से बाबा महाकाल की आकर्षक आकृति में सोरों में निर्मित भव्य कांवड़ यात्रा को ब्रह्मलीन संत दद्दाजी के आशीर्वाद एवं गृहस्थ संत डॉ. अनिल त्रिपाठी जी की प्रेरणा से विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर सोरोंजी के लिए रवाना किया गया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर आचार्य आनंद क्लब के मोटिवेटर सुधीर आचार्य एवं दद्दा शिष्य परिवार के महावीर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। यात्रा में लगभग 15 चार पहिया वाहन, डीजे एवं आकर्षक सजावट के साथ युवाओं की टोली शोभायात्रा के रूप में नगर से रवाना हुई। आधा सैकड़ा से अधिक शिवभक्त सोरों पहुंचकर शुक्रवार को ब्रह्ममुहूर्त में गंगा पूजन करेंगे। इसके पश्चात बाबा महाकाल की आकृति में निर्मित लगभग 80 किलो से अधिक वजनी विशाल कांवड़ में पवित्र गंगाजल भरकर शिवभक्त पदयात्रा करते हुए अंबाह के लिए प्रस्थान करेंगे। करीब 200 किलोमीटर की पदयात्रा लगभग 38 घंटे में पूर्ण की जाएगी। महाशिवरात्रि पर पीएचई परिसर स्थित संकटमोचन मंदिर में गंगाजल से बाबा भोलेनाथ का महाअभिषेक किया जाएगा। इस भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियां दद्दा एसटीएफ एवं समस्त भक्तमंडल अंबाह द्वारा की गई हैं।

रास्ते के विवाद में सगे भाईयों में चली लाठी-कुल्हाड़ी, फायरिंग

नवभारत न्यूज

मुरैना, 12 फरवरी। अंबाह थाना क्षेत्र के कुथियाना गांव में गुरूवार की सुबह रास्ते को लेकर सगे भाईयों के बीच विवाद हो गया। मामूली विवाद ने कुछ ही देर में हिंसक झड़प का रूप धारण कर लिया। जिसके बाद दोनों पक्ष के लोग लाठी, कुल्हाड़ी से लैस होकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। इस दौरान फायरिंग भी की गई। संघर्ष में दो महिलाओं के जख्मी होने की खबरें है।

जानकारी के अनुसार कुथियाना गांव में पंचायत द्वारा स्वीकृत सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसी दौरान देवेंद्र सिंह तोमर और गंगा सिंह तोमर ठेकेदार पर सड़क को अपनी ओर मोड़ने

दो महिलाएं जख्मी, अंबाह क्षेत्र के कुथियाना गांव का मामला

और चौड़ा करने का दबाव बनाने लगे। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते उग्र हो गया। दोनों पक्षों के लोग घरों से लाठी, कुल्हाड़ी और बंदूक लेकर बाहर आ गए।

विवाद के दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग भी की गई और मारपीट भी हुई। घटना में देवेंद्र तोमर की पत्नी उमा तोमर (42) के सिर में लाठी लगने से चोट आई, जबकि गंगा सिंह तोमर की पत्नी कुल्हाड़ी लगने से घायल हो गईं। दोनों घायलों का इलाज चल रहा है।

वीडियो में बंदूकों के साथ गालियां देते दिख रहे दोनों पक्ष

कुथियाना गांव में गुरुवार को हुए विवाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे को ललकारते और गाली-गलौज करते दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोगों के हाथों में लाठियां हैं जबकि एक व्यक्ति बंदूक से फायर करता नजर आ रहा है। अंबाह थाना प्रभारी सतेंद्र कुशवाह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय विशेष शिविर शुरू

मुरैना, 12 फरवरी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय

स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय संयुक्त विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार को एसआरडी महाविद्यालय धौलपुर रोड मुरैना में हुआ। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल सिंह एवं विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजलि मुदगल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्राचार्य डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को एनएसएस के माध्यम से व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. एके उपाध्याय, डॉ. रमेश भारद्वाज, डॉ. दिलीप कटारे, डीआरएल सखवार, डॉ. संगीता तोमर, डॉ. अंजलि चौहान, डॉ. शैलेंद्र त्यागी, डॉ. गणेश कुशवाह तथा एसआरडी महाविद्यालय के डायरेक्टर परशुराम विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी ध्रुव कुमार एवं डॉ. संजय सिंह राघव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र के पश्चात बौद्धिक सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम बौद्धिक सत्र में सामाजिक संगठन में युवाओं की भूमिका विषय पर डॉ. दिलीप कटारे ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।



भारत-अमेरिका ट्रेड डील से किसानों पर संकट के बादल : डंगस

नवभारत न्यूज

मुरैना, 12 फरवरी। भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील से खेती-किसानीं के साथ देशभर के किसानों पर संकट के बादल मंडराने लगे है। डील के तहत जीरो टैरिफ पर कृषि एवं कृषि आधारित उत्पादों का अमेरिका से आयात होने पर स्थानीय किसानों के साथ अपने उत्पादों को बेचने का संकट गहरा जाएगा। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो जाएगी और देशभर के किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर होंगे।

यह बात किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेन्द्र डंगस के नेतृत्व में गुरूवार को एसडीएम बीएस कुशवाह को सौंपे गए ज्ञापन में कही गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि मप्र सोयाबीन उत्पादन में अग्रणी राज्य है। ट्रेड डील के तहत विदेशी सोयाबीन के आयात होने पर स्थानीय सोयाबीन और उससे निर्मित तेल की मांग और कीमतों में गिरावट आएगी, जिससे किसान प्रभावित होंगे। किसानों के लिए फसलों की लागत भी निकाल पाना मुश्किल हो जाएगा। जिलाध्यक्ष श्री डंगस ने कहा है कि कृषि क्षेत्र के साथ डेयरी सेक्टर पर भी इस डील का खासा असर पड़ेगा।

फसलों के बाजिब दाम न मिलने और डेयरी उत्पादों का निर्यात घटने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट होने की कगार पर पहुंच जाएगी। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों के हितों को प्रभावित करने वाली इस ट्रेड डील को भारत सरकार द्वारा जल्द निरस्त करना चाहिए।

ज्ञापन सौंपने वालों में यह रहे शामिल : ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सिकरवार, दीपक यादव, श्रीकांत शर्मा, रामकृष्ण भगत जी, मनीष शर्मा, शिवसिंह खटीक, हरेन्द्र लोखरे, देवेन्द्र मावई, आनंद शर्मा, करूआ सिकरवार, लोकेन्द्र माहौर, सचिन माहौर, सौरभ माहौर सहित अन्य किसान कांग्रेस कार्यकर्ता ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल थे।